ont>

14.03 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at three minutes

past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Matters under Rule 377 listed for today will be treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to connect certain cities in Madhya Pradesh and Rajasthan by air- Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर): उपाध्यक्ष महोदय, वैश्विक व्यापार संबंधों व अंतर्राट्रीय व्यापार प्रतिस्पर्धाओं के चलते देश में आर्थिक प्रगति हेतु कतिपय ि वशा कदम उठाने की आवश्यकता है। इस दृटि से मध्य प्रदेश व राजस्थान के कतिपय विशिट नगरों व क्षेत्रों में पर्याप्त औद्योगिक विस्तार की संभावनाएं होते हुए भी उस दृटि से समुचित व्यवस्था न होने से जहां उन प्रदेशों में औद्योगिक विस्तार का कार्य पिछड़ा है, वहीं प्रदेशों की उन्नति जो तेजी से संभव थी, उस पर विपरीत प्रभा व पड़ा है। अतः यह आवश्यक है कि ऐसे क्षेत्रों को रेल, सड़क व वायुयान की समुचित सेवाएं उपलब्ध हों। यद्यपि कुछ क्षेत्र रेल तथा सड़क मार्ग से जुड़े हैं, किंतु इनमें वायुयान की समुचित सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। मध्य प्रदेश के खंडवा, देवास उज्जैन, नीमच व रतलाम में तथा राजस्थान के चित्तौड़, भीलवाड़ा, अजमेर, ब्यावर, भरतपुर आदि स्थानों को वायुयान सुविधा से जोड़े जाने हेतु सरकार द्वारा एक समयबद्ध कार्ययोजना हाथ में लेकर उक्त स्थानों को देश के अन्यान्य भागों से वायुसेवा से जोड़े जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि उक्त प्रदेशों के विशिट क्षेत्रों के विकास के साथ उन प्रदेशों की भी औद्योगिक उन्नति हो, जिससे ये प्रदेश देश की अर्थव्य वस्था को सबल बनाने में अपना योगदान दे सकें।

* Treated as laid on the Table of the House